## सार-समाचार

### युवती से दुष्कर्म, दूसरी से शादी की तैयारी कर रहा दूल्हा पकड़ाया

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक युवती को झांसा देकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी दूसरी युवती से शादी करने वाला था। इसके लिए तैयारियां भी हो गई। इसी बीच पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को शादी के मंडप से ही गिरफ्तार कर लिया। चंदननगर पुलिस ने रवि विश्वकर्मा निवासी सीहोर को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसकी गुरूवार को शादी होने वाली थी। चंदननगर इलाके में रहने वाली युवती से उसकी दोस्ती हो गई और आरोपी ने उसके साथ संबंध बना लिए। बाद युवती को पता चला कि रवि की शादी होने वाली है। उसने चंदननगर टीआई तिलक करोले को मामला बताया और कहा कि आरोपी सीहोर में शादी कर रहा है। वह गुरूवार को तोरण मारने वाला था। पुलिस टीम सीहोर पहुंची और दूल्हे को इंदौर ले आई। उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है।

### उर्मिला सैनी हत्याकांड- पांच दिन बाद भी हाथ नहीं आया आरोपी

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** डाक विभाग की पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड में पांच दिन बाद भी आरोपी और मृतका के पति अखिलेश सैनी का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस की चार से अधिक टीमें अलग-अलग जगहों पर उसकी तलाश में जुटी हैं। आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। 11 जुलाई को डाककुंज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में 38 वर्षीय पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या कर दी गई थी। घटना के समय उनके दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे। स्कूल से लौटने पर बच्चों ने घर के अंदर मां का खून से लथपथ शव देखा। वारदात के बाद से उर्मिला का पति अखिलेश सैनी फरार है। जांच अधिकारियों के मुताबिक अखिलेश ने पूरी वारदात पहले से योजना बनाकर की। पुलिस का मानना है कि उसे यह जानकारी थी कि जांच में मोबाइल फोन सबसे अहम सुराग होता है। इसी वजह से वह अपने दोनों मोबाइल फोन घर पर छोडकर फरार हुआए जिससे उसकी लोकेशन और संपर्कों का पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस ने घटना के बाद फरार के दौरान आरोपी पति की तलाश में घर से लेकर आसपास के सीसीटीवी के साथ ही बस और रेलवे स्टेशन तक फुटेज खंगाले हैं और रूट मैप तैयार किया है। इधर, बताया गया है कि आरोपी डेबिट कार्ड साथ ले गया है। इस आधार पर भी जांच चल रही है।

### पड़ोसियों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट

**इंदौर।** विस्तारा काकड़ में पड़ोसियों के बीच शुरू हुआ घरेलू विवाद देखते ही देखते मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच हुई कहासुनी के बाद धक्का-मुक्की और हाथापाई हो गई। लसूड़िया पुलिस के अनुसार विस्तारा काकड़ निवासी 30 वर्षीय विक्रम वानखेड़े ने शिकायत दर्ज कराई है कि पड़ोस में रहने वाले कैलाश मालवीय की पत्नी उसकी पत्नी से विवाद कर रही थी। शोर सुनकर जब वह घर के बाहर आया और समझाने का प्रयास किया तो विवाद और बढ़ गया। शिकायत के मुताबिक इसके बाद कैलाश मालवीय, उसका भाई मोहन और परिवार के अन्य सदस्य भी बाहर आ गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर विवाद करते हुए विक्रम और उसकी पत्नी के साथ धक्का-मुक्की की तथा मारपीट की।

### युवक के सिर पर चाबी से किए वार

**इंदौर।** रंजिश के चलते एक युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले युवक का पीछा किया और फिर चौराहे पर रोककर चाबी से हमला कर दिया। वारदात में युवक घायल हो गया। बाणगंगा पुलिस ने बताया कि कुशवाह नगर निवासी 25 वर्षीय रवि बामनिया का कृष्णा यादव से रंजिश को लेकर विवाद हो गया। शिकायत के मुताबिक कृष्णा अपने साथियों के साथ रवि का पीछा करते हुए कुशवाह नगर चौराहे तक पहुंचा और वहां उसे रोक लिया। आरोप है कि विवाद के दौरान कृष्णा ने हाथ में मौजूद चाबी से रवि के सिर के पीछे और चेहरे पर वार कर दिया, जिससे उसे चोट आई और खून बहने लगा। इसके बाद साथियों ने भी लात-घूंसों से मारपीट की। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए।

### सड़क दुर्घटना में मौत, बाइक सवार पर केस

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** क्षिप्रा थाना पुलिस ने सडक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत के मामले में मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस के मुताबिक 13 जून की रात सावेर रोड पर ग्राम बरलाई के पास भेरू महाराज मंदिर के समीप मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-13-जेडक्यू-2072 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए दूसरी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में सोलसिंदी निवासी 55 वर्षीय देवीसिंह चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच और साक्ष्य जुटाने के बाद क्षिप्रा पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने और मृत्यु कारित करने सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### चोरी करने वाले तीन शातिर आरोपी धराए

**इंदौर।** चंदन नगर पुलिस ने कोरल वैली कॉलोनी में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दो पानी की मोटरें और चार एग्जॉस्ट फैन बरामद किए हैं। तीनों आरोपी नशे के आदी हैं और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए ही चोरी व नकबजनी जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जवाहर टेकरी वाइन शॉप के पास खुले मैदान में चोरी के माल के साथ बैठे हुए भूपेंद्र पिता कैलाश चौहान, कान्हा पिता संतोष दांगी और अजय पिता नवल दांगी तीनों निवासी जवाहर टेकरी को गिरफ्तार किया है।

### नशेड़ी ने पत्नी को कर दिया घायल

**इंदौर।** क्षिप्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़ी बरलाई में घरेलू विवाद के दौरान शराब के नशे में पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पति ने लकड़ी के डंडे से हमला कर पत्नी को घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय ज्योति परमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति अर्जुन परमार आए दिन शराब पीकर उसके साथ विवाद और मारपीट करता है। बुधवार दोपहर वह बच्चों को लेकर घर आया और नशे की हालत में घर के सामने मोटरसाइकिल सहित गिर पड़ा। शिकायत के मुताबिक जब पत्नी ने विवाद का विरोध किया तो आरोपी भडक गया और पास में पड़ा लकड़ी का डंडा उठाकर उस पर हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर, हाथ, पीठ और पैर में चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद पति ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### युवक पर गिरी ईंट, मौत

**इंदौर।** युवक पर लघुशंका के दौरान ईंट गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई। घटना आजाद नगर क्षेत्र के सिग्नेचर हाईट्स बिल्डिंग के समीप की है। हासलपुर निवासी गोविन्दा पिता रमेश अपने रिश्तेदार के यहां आया था। उसे इन्दौर घूमने की इच्छा थी। वह जब आजाद नगर क्षेत्र से गुजर रहा था तो लघुशंका के लिए रुका। इस दौरान उस पर ईंट गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई। आजाद नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

# 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी, सामान बेचकर रुपए हड़पने का आरोप

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक मॉल में स्थित शोरूम के स्टोर मैनेजर पर करीब 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि उसने बिना बिल के जूते, कपड़े और अन्य सामान बेचकर ग्राहकों से पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कराए।

विजयनगर पुलिस के मुताबिक, सुयश विहार कॉलोनी निवासी कंपनी मैनेजर सितलेश यादव की शिकायत पर रोशन कुमार यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। रोशन मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और सी-21 मॉल स्थित एसिक्स शोरूम में स्टोर मैनेजर था। उसे जून 2024 में नौकरी पर रखा गया था और 13 सितंबर 2025 को नौकरी छोडकर चला गया। इसके बाद उसका मोबाइल भी बंद हो गया। रोशन के जाने के बाद कंपनी ने स्टॉक की जांच कराई। जांच में 65 जोड़ी जूते, 40 कपड़े और 38 एक्सेसरीज गायब मिलीं। इनकी कुल कीमत करीब 9.93 लाख रुपए बताई गई है। शोरूम के कर्मचारियों से पूछताछ में सामने आया कि रोशन कई ग्राहकों से कंपनी के खाते की बजाय अपने बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करवाता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश में एक टीम बिहार भेजी गई है।

### डॉक्टर के क्रेडिट कार्ड से की खरीदी, बिल आया तो सायबर ठगी का चला पता, केस दर्ज

इधर एक डॉक्टर के क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर अमेजन से 37 हजार रुपए के गिफ्ट वाउचर खरीद लिए। विजयनगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. दीपक पाटीदार 7 जून को विजयनगर क्षेत्र में थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड का 37 हजार रुपए का बिल आया।

जांच करने पर पता चला कि उनके कार्ड से अमेजन के गिफ्ट वाउचर खरीदे गए हैं। ठगी का पता चलते ही उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खाते से उड़ाए गए 98 हजार

इसी प्रकार लसूड़िया पुलिस ने बताया कि हेमंत कुमार की शिकायत पर साइबर ठगी का केस दर्ज किया है। 12 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक एप से जुड़ा मैसेज आया। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बाद जब उन्होंने बैंक खाता चेक किया तो करीब 98 हजार रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर हो चुके थे। पीड़ित ने पहले साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





## जोन-21 की बैठक में महापौर सख्त, समय-सीमा में पूरे हों विकास कार्य

**इंदौर।** नगर निगम के विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा किया जाए।

यह निर्देश महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जोन क्रमांक-21 की वार्ड समिति बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में विधायक मधु वर्मा, महापौर परिषद सदस्य अभिषेक शर्मा 'बबलू', जोन अध्यक्ष एवं पार्षद प्रशांत बडवे, पार्षद लक्ष्मी वर्मा, महापौर प्रतिनिधि, जोनल अधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि नागरिकों के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार नगर निगम की कार्यप्रणाली और विश्वास का आधार है।

आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। बैठक में जोन क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था, जल प्रदाय, सड़क निर्माण, नाली सफाई, उद्यान विकास और प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनहित के कार्यों की समीक्षा की गई। महापौर ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। समय पर और गुणवत्तापूर्ण कार्यों से ही नागरिकों का विश्वास मजबूत होगा। स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर (प्रगति नगर) जोन क्रमांक-21 के नवनिर्मित कार्यालय कक्ष में जोन अध्यक्ष प्रशांत बडवे ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं। नवीन कार्यालय कक्ष को जनसेवा, संगठनात्मक गतिविधियों और नागरिक समस्याओं के समाधान का केंद्र बनाने का संकल्प लिया गया।

## दहेज के लिए किया सताया, पति सहित पांच पर केस

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** महिला थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के एक मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से लगातार दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। पुलिस के अनुसार न्यू गौरी नगर टावर चौराहा निवासी 30 वर्षीय सोनम राय ने शिकायत दर्ज कराई है कि वर्ष 2018 में विवाह के बाद से उसके पति भवानी राय उर्फ विक्की, सास मीरा राय, लखन राय तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने उससे दहेज की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पीड़िता का आरोप है कि वर्षों तक प्रताड़ना का सिलसिला चलता रहा। परेशान होकर उसने महिला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। महिला थाना पुलिस ने पति सहित पांच आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं के साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मां-बेटे से रास्ता रोककर की मारपीट

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते मां-बेटे पर लाठी से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने बाइक सवार युवक का रास्ता रोककर पहले उसकी पिटाई की, फिर बीच-बचाव करने आई उसकी मां को भी नहीं बख्शा।




### पुलिस द्वारा साइक्लोथॉन का आयोजन, नागरिकों से सहभागिता की अपील

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत 18 जुलाई (शनिवार) प्रातः 6 बजे आई लव इंदौर, पलासिया से साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है।इस जनजागरूकता साइक्लोथॉन का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना है। साइक्लोथॉन का रूट आई लव इंदौर सपना संगीता, राजवाड़ा,रीगल,आई लव इंदौर रहेगा।इंदौर पुलिस सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से इस जनहित अभियान का हिस्सा बनकर नशे के विरुद्ध एकजुटता का संदेश देने एवं अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील करती है।

## शहर की हर हिस्से में गूंजेगा, नशे से दूरी है जरूरी का संदेश

### हरी झंडी दिखाकर किया, नशा विरोधी जन-जागरूकता रथों को रवाना

इंदौर। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति तथा उसके गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में नशे के विरुद्ध विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

अभियान के अंतर्गत आज पुलिस आयुक्त ने नशे के दुष्परिणामों एवं नशामुक्ति का संदेश देने वाले दो विशेष जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन जागरूकता रथों के माध्यम से अगले 15 दिनों तक शहर के विभिन्न मार्गों, चौराहों, प्रमुख स्थलों एवं अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर आमजन को



नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा।जागरूकता रथों में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से शॉर्ट फिल्म, वीडियो संदेश, जागरूकता फिल्में एवं प्रभावी स्लोगन प्रदर्शित किए जाएंगे। इन संदेशों के जरिए युवाओं एवं आमजन को ड्रग्स से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूक किया जाएगा।

इंदौर पुलिस द्वारा नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के माध्यम से युवाओं एवं समाज के प्रत्येक वर्ग तक नशे के विरुद्ध जागरूकता का संदेश पहुंचाने तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### रंजिश में युवक से मारपीट

**इंदौर।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में पुराने पारिवारिक विवाद की रंजिश में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन युवकों ने रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके होंठों पर गंभीर चोट आई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पिंजारा बाखल निवासी 18 वर्षीय मोहम्मद दानिश मंगलवार रात अपने परिचित अलीम से मिलने गया था। जब वह जवाहर मार्ग स्थित ताज बिल्डिंग के पास पहुंचा तो वहां अलीम नहीं मिला। उसकी जगह अलीम का भतीजा सूफियान अपने दो साथियों के साथ मौजूद था। शिकायत के मुताबिक दानिश के पिता और सूफियान के बड़े पापा के बीच हुए पुराने विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और तीनों आरोपियों ने दानिश के साथ मारपीट कर दी।

# मास्टर प्लान सड़कों की धीमी चाल पर आयुक्त का सख्त रुख

### चार प्रमुख मार्गों का निरीक्षण ; एजेंसियों को फटकार, समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश

**इंदौर।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने वाली मास्टर प्लान सड़कों के निर्माण में देरी अब निगम प्रशासन को मंजूर नहीं है। धीमी रफ्तार से चल रहे कामों पर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने नाराजगी जताते हुए निर्माण एजेंसियों को गति बढ़ाने और तय समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त सिंघल ने एमआर-9 से मालवीय नगर, एलआईजी लिंक रोड, मधुमिलन-छावनी मार्ग और हाईकोर्ट चौराहे पर चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री पीएस कुशवाह, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल सहित निगम अधिकारी और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



#### लंबित हिस्सों पर जल्द शुरू होगा काम

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मधुमिलन चौराहा से छावनी चौराहा तक चल रहे सड़क निर्माण की प्रगति देखी। उन्होंने लक्ष्मी नारायण दूधवाला चौराहा से छावनी चौराहा तक शेष हिस्से का काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं जंजीर वाला चौराहा से अटल द्वार तक चल रहे कार्य की समीक्षा करते हुए जंजीर वाला चौराहा से दबंग दुनिया प्रेस तक सड़क निर्माण प्रारंभ करने को कहा।

#### मालवीय नगर में धीमे काम पर एजेंसी को फटकार

मालवीय नगर में निर्माण कार्य की धीमी गति पर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी को फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्य की गति बढ़ाने के साथ नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सड़क के बीच सीवर लाइन चोक होने की शिकायत पर आयुक्त ने तत्काल सफाई कराने को कहा। साथ ही निर्माण सामग्री सीवर चैंबर में नहीं जाने देने और तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

#### हाईकोर्ट लेफ्ट टर्न को एक सप्ताह की डेडलाइन

हाईकोर्ट चौराहे पर सिटी सेंटर की ओर लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने इसे एक सप्ताह में पूरा करने की समय-सीमा तय की। इस कार्य के लिए सिटी सेंटर व्यापारिक एसोसिएशन ने निगम को आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई है। आयुक्त सिंघल ने कहा कि मास्टर प्लान सड़कें शहर के यातायात सुधार और विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इसलिए सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को लगातार निरीक्षण कर प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को जल्द बेहतर सड़क सुविधाएं मिल सकें।